दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 07-11-2024

कार्यक्रम • नेपा मिल में सीएमडी की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम, विद्यार्थियों को भी किया पुरस्कृत

# कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत दिए पुरस्कार

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के सभागार में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के तहत पुरस्कार वितरण, सम्मान समारोह हुआ। अध्यक्षता नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी ने की। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा, प्रबंधक विपणन अजय गोयल और उपमहाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता ने मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू किया।



समारोह में उपस्थित अफसर, कर्मचारी।

प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानडे ने अभियान पर केंद्रित कार्यक्रम की रूपरेखा और प्रस्तावना रखी। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने कहा- केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निर्देश में प्रतिवर्ष देश के नागरिकों में सतर्कता और जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। इसके तहत नेपा लिमिटेड के सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा इस वर्ष की विषयवस्तु सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के साथ नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। सतर्कता विभाग द्वारा नेपा लिमिटेड के अफसर कर्मियों में जागरुकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों द्वारा क्षमता निर्माण का रचनात्मक कार्य भी किया जा रहा हैं। मुहिम के दौरान कई राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त प्रशिक्षण अधिकारियों से नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया है। सीएमडी चोखानी ने सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा सतर्कता जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिस्पर्धियों के साथ ही स्वच्छता के विशेष अभियान 4.0 के तहत आयोजित स्वच्छता से समृद्धि विषय पर निबंध प्रतियोगिता और मेरा कार्यालय सबसे स्वच्छ, सबसे सुंदर प्रतियोगिता में चयनित तीन विभागों के विभागाध्यक्षों और उनकी टीम की सराहना की। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे, सतर्कता प्रकोष्ठ के युवराज मोदी सहित स्टाफ मौजूद था।

## इनका हुआ सम्मान

नारा लेखन में वाणिज्य विभाग के ईशान व्यास को प्रथम, आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी और महाप्रबंधक विपणन कार्यालय की कर्मचारी लक्ष्मी सेन को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में नगर की 4 स्कूलों के 4 विद्यार्थी भावना पटेल, योगेश्वरी चौहान, मैत्री तायड़े व सावन गणेश पावर को प्रथम पुरस्कार में शील्ड और प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। वहीं नपा सीएमओ शैलेंद्र चौहान, चारों स्कूल के प्राचार्य वंदना जवादे, देवेंद्र चौरे, ओमलाल ब्रह्मचारी, शुभांगी पाटिल को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अभियान के दौरान आदर्श आचरण, अनुशासन और अपील सीडीए नियमों के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कार्मिक विभाग के राजेंद्र चौधरी, मणिलाल पाटिल, रीतिका भमोरे, सौम्या क्षोत्रिय और सतर्कता प्रकोष्ठ के शिवनंदन उमाले का सम्मान किया गया। स्वच्छता के विशेष अभियान 4.0 के तहत आयोजित स्वच्छता से समृद्धि विषय पर निबंध प्रतियोगिता में कार्मिक विभाग की रीतिका भमोरे को प्रथम, सिविल विभाग के प्रांजल तिवारी को द्वितीय और वाणिज्य विभाग के ईशान व्यास को तृतीय पुरस्कार के सम्मानित किया गया। अभियान के दौरान अपने कार्यालयों और विभागों के परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष विजय भामरे और पावर हाउस के प्रबंधक महेंद्र केशरी और उनकी टीम को सीएमडी ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

पत्रिका

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह : पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह

# एक साथ हजारों लोगों को सतर्कता जागरूकता अभियान में जोड़ने का प्रयास

पत्रिका
सिटी रिपोर्टर
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के सभागार में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत पुरस्कार वितरण, सम्मान समारोह आयोजित किया। अध्यक्षता नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी ने की। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा, प्रबंधक विपणन अजय गोयल और उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता के साथ मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानडे द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान पर केंद्रित कार्यक्रम की रूपरेखा और प्रस्तावना रखी गई। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने कहा हमने बिना किसी शुल्क के सतर्कता आयोग द्वारा जारी सतर्कता मैनुअल्स नगर के शालेय विद्यार्थियों और शिक्षकों में वितरित कर एक साथ हजारों लोगों को सतर्कता जागरुकता अभियान में जोडने का अभिनव प्रयास किया है।

सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने अभियान के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिस्पर्धियों के साथ ही स्वच्छता के विशेष अभियान 4.0 के तहत आयोजित स्वच्छता से समृद्धि विषय पर निबंध प्रतियोगिता और मेरा कार्यालय सबसे स्वच्छ, सबसे सुंदर प्रतियोगिता में चयनित तीन विभागों के विभागाध्यक्षों और उनकी टीम की सराहना की। अभियान के दौरान अपने कार्यालयों और विभागों के परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष विजय भामरे और पावर हाउस के प्रबंधक महेंद्र केशरी और उनकी टीम को सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया। संचालन जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया। आभार सतर्कता प्रकोष्ठ के युवराज मोदी ने माना।

## इनका किया सम्मान

नारा लेखन में वाणिज्य विभाग के ईशान व्यास को प्रथम, आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी और महाप्रबंधक विपणन कार्यालय की कर्मचारी लक्ष्मी सेन को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शालेय छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में नगर के चार विद्यालयों के चार उत्कृष्ट विद्यार्थियों सिटीजन स्कूल की भावना पटेल, सरस्वती शिशु मंदिर की योगेश्वरी चौहान, केंद्रीय विद्यालय की मैत्री तायड़े और वीरेंद्र सिंह मेमोरियल स्कूल के सावन गणेश पावर को प्रथम पुरस्कार में शील्ड और प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया।

नगर पालिका परिषद नेपानगर के मुख्य अधिकारी शैलेंद्र चौहान और नगर की चारों स्कूलों के प्राचार्यों वंदना जवादे, देवेंद्र चौरे, ओमलाल ब्रह्मचारी और शुभांगी पाटिल को प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। वहीं अभियान के दौरान आदर्श आचरण, अनुशासन और अपील सीडीए नियमों के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कार्मिक विभाग के राजेंद्र चौधरी, मणिलाल पाटिल, रीतिका भमोरे, सौम्या क्षोत्रिय और सतर्कता प्रकोष्ठ के शिवनंदन उमाले का सम्मान किया गया। स्वच्छता के विशेष अभियान 4.0 के तहत आयोजित स्वच्छता से समृद्धि विषय पर निबंध प्रतियोगिता में कार्मिक विभाग की रीतिका भमोरे को प्रथम, सिविल विभाग के प्रांजल तिवारी को द्वितीय और वाणिज्य विभाग के ईशान व्यास को तृतीय पुरस्कार के सम्मानित किया गया।

**सतर्कता जागरुकता सप्ताह : पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह**

# एक साथ हजारों लोगों को सतर्कता जागरुकता अभियान में जोड़ने का प्रयास

पत्रिका सिटी रिपोर्टर patrika.com



**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के सभागार में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत पुरस्कार वितरण, सम्मान समारोह आयोजित किया। अध्यक्षता नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी ने की। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा, प्रबंधक विपणन अजय गोयल और उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता के साथ मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानडे द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान पर केंद्रित कार्यक्रम की रूपरेखा और प्रस्तावना रखी गई। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने कहा हमने बिना किसी शुल्क के सतर्कता आयोग द्वारा जारी सतर्कता मैनुअल्स नगर के शालेय विद्यार्थियों और शिक्षकों में वितरित कर एक साथ हजारों लोगों को सतर्कता जागरुकता अभियान में जोड़ने का अभिनव प्रयास किया हैं।

सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने अभियान के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिस्पर्धियों के साथ ही स्वच्छता के विशेष अभियान 4.0 के तहत आयोजित स्वच्छता से समृद्धि विषय पर निबंध प्रतियोगिता और मेरा कार्यालय सबसे स्वच्छ, सबसे सुंदर प्रतियोगिता में चयनित तीन विभागों के विभागाध्यक्षों और उनकी टीम की सराहना की। अभियान के दौरान अपने कार्यालयों और विभागों के परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष विजय भामरे और पावर हाउस के प्रबंधक महेंद्र केशरी और उनकी टीम को सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया। संचालन जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया। आभार सतर्कता प्रकोष्ठ के युवराज मोदी ने माना।

## इनका किया सम्मान

नारा लेखन में वाणिज्य विभाग के ईशान व्यास को प्रथम, आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी और महाप्रबंधक विपणन कार्यालय की कर्मचारी लक्ष्मी सेन को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शालेय छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में नगर के चार विद्यालयों के चार उत्कृष्ट विद्यार्थियों सिटीजन स्कूल की भावना पटेल, सरस्वती शिशु मंदिर की योगेश्वरी चौहान, केंद्रीय विद्यालय की मैत्री तायड़े और वीरेंद्र सिंह मेमोरियल स्कूल के सावन गणेश पावर को प्रथम पुरस्कार में शील्ड और प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया।

नगर पालिका परिषद नेपानगर के मुख्य अधिकारी शैलेंद्र चौहान और नगर की चारों स्कूलों के प्राचार्यों वंदना जवादे, देवेंद्र चौरे, ओमलाल ब्रम्हचारी और शुभांगी पाटिल को प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। वहीं अभियान के दौरान आदर्श आचरण, अनुशासन और अपील सीडीए नियमों के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कार्मिक विभाग के राजेंद्र चौधरी, मणिलाल पाटिल, रीतिका भमोरे, सौम्या क्षोत्रिय और सतर्कता प्रकोष्ठ के शिवनंदन उमाले का सम्मान किया गया। स्वच्छता के विशेष अभियान 4.0 के तहत आयोजित स्वच्छता से समृद्धि विषय पर निबंध प्रतियोगिता में कार्मिक विभाग की रीतिका भमोरे को प्रथम, सिविल विभाग के प्रांजल तिवारी को द्वितीय और वाणिज्य विभाग के ईशान व्यास को तृतीय पुरस्कार के सम्मानित किया गया।

---

**कार्यक्रम •** नेपा मिल में सीएमडी की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम, विद्यार्थियों को भी किया पुरस्कृत

# कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत दिए पुरस्कार

भास्कर संवाददाता | नेपानगर



समारोह में उपस्थित अफसर, कर्मचारी।

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के सभागार में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के तहत पुरस्कार वितरण, सम्मान समारोह हुआ। अध्यक्षता नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी ने की। निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा, प्रबंधक विपणन अजय गोयल और उपमहाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता ने मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू किया।

प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानडे ने अभियान पर केंद्रित कार्यक्रम की रूपरेखा और प्रस्तावना रखी। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने कहा- केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निर्देश में प्रतिवर्ष देश के नागरिकों में सतर्कता और जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। इसके तहत नेपा लिमिटेड के सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा इस वर्ष की विषयवस्तु सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के साथ नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। सतर्कता विभाग द्वारा नेपा लिमिटेड के अफसर कर्मियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों द्वारा क्षमता निर्माण का रचनात्मक कार्य भी किया जा रहा हैं। मुहिम के दौरान कई राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त प्रशिक्षण अधिकारियों से नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया है। सीएमडी चोखानी ने सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिस्पर्धियों के साथ ही स्वच्छता के विशेष अभियान 4.0 के तहत आयोजित स्वच्छता से समृद्धि विषय पर निबंध प्रतियोगिता और मेरा कार्यालय सबसे स्वच्छ, सबसे सुंदर प्रतियोगिता में चयनित तीन विभागों के विभागाध्यक्षों और उनकी टीम की सराहना की। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे, सतर्कता प्रकोष्ठ के युवराज मोदी सहित स्टाफ मौजूद था।

## इनका हुआ सम्मान

नारा लेखन में वाणिज्य विभाग के ईशान व्यास को प्रथम, आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी और महाप्रबंधक विपणन कार्यालय की कर्मचारी लक्ष्मी सेन को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में नगर की 4 स्कूलों के 4 विद्यार्थी भावना पटेल, योगेश्वरी चौहान, मैत्री तायड़े व सावन गणेश पावर को प्रथम पुरस्कार में शील्ड और प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। वहीं नपा सीएमओ शैलेंद्र चौहान, चारों स्कूल के प्राचार्य वंदना जवादे, देवेंद्र चौरे, ओमलाल ब्रह्मचारी, शुभांगी पाटिल को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अभियान के दौरान आदर्श आचरण, अनुशासन और अपील सीडीए नियमों के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कार्मिक विभाग के राजेंद्र चौधरी, मणिलाल पाटिल, रीतिका भमोरे, सौम्या क्षोत्रिय और सतर्कता प्रकोष्ठ के शिवनंदन उमाले का सम्मान किया गया। स्वच्छता के विशेष अभियान 4.0 के तहत आयोजित स्वच्छता से समृद्धि विषय पर निबंध प्रतियोगिता में कार्मिक विभाग की रीतिका भमोरे को प्रथम, सिविल विभाग के प्रांजल तिवारी को द्वितीय और वाणिज्य विभाग के ईशान व्यास को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभियान के दौरान अपने कार्यालयों और विभागों के परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष विजय भामरे और पावर हाउस के प्रबंधक महेंद्र केशरी और उनकी टीम को सीएमडी ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।